**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 717**
**26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तमिलनाडु को अनुदान**

**717. डॉ. डी. रवि कुमार:**
**श्री सी. एन. अन्नादुरई:**
**श्री नवसकनी के.:**
**डॉ. थोल तिरूमावलवन:**
**श्री जी. सेल्वम:**
**श्री हैबी ईडन:**
**श्री मनीष जायसवाल:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विगत तीन वर्षों के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य में कुल कितनी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली स्थापित की गई है;

(ख) विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त मिशन के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को कुल कितनी धनराशि आवंटित की गई है;

(ग) क्या सरकार ने विगत तीन वर्षों के दौरान तमिलनाडु में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) योजना की प्रगति के दौरान स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की प्रभावशीलता का आकलन करने और निगरानी करने के लिए कोई सर्वेक्षण कराया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने उक्त सर्वेक्षण के आधार पर तमिलनाडु में स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को सुदृढ़ करने के लिए कोई नई पहल की है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संवंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री**

**(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)**

(क): पिछले तीन वर्षों में तमिलनाडु में सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधा केंद्रों की संख्या नीचे दी गई है:

| क्र.सं. | सुविधा केंद्रों का प्रकार | सुविधा केंद्रों की संख्या | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
| 1 | उप स्वास्थ्य केंद्र | 8713 | 8713 | 8713 |
| 2 | प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र | 1859 | 1859 | 1859 |
| 3 | सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र | 427 | 427 | 427 |
| 4 | उप जिला अस्पताल | 281 | 262* | 262 |
| 5 | जिला अस्पताल | 18 | 37 | 37 |

* 2022-23 के दौरान 19 उप जिला अस्पतालों को जिला अस्पताल में उन्नत किया गया।

(ख): 2021-22 से 2023-24 के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत तमिलनाडु राज्य को जारी केंद्रीय अंशदान का विवरण निम्नानुसार है:

| क्र.सं. | वित्त वर्ष | जारी की गई धनराशि (करोड़ रुपए में) |
|---|---|---|
| 1 | 2021-22 | 1,631.91 |
| 2 | 2022-23 | 1,652.24 |
| 3 | 2023-24 | 1,996.06 |

(ग): विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के कार्यान्वयन, प्रगति और प्रदर्शन का नियमित रूप से मूल्यांकन समीक्षा बैठकों, क्षेत्रीय यात्राओं, सेवा प्रदायगी के लिए मानक स्थापित करके प्रदर्शन को बढ़ावा देने, उपलब्धियों को पुरस्कृत करने आदि के माध्यम से राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी), कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम), स्वास्थ्य निगरानी सूचना प्रणाली (एचएमआईएस), प्रसूति बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) पोर्टल, आयुष्मान आरोग्य मंदिर (एएएम) पोर्टल, गैर संचारी रोग (एनसीडी) पोर्टल द्वारा वार्षिक कार्यक्रम नियोजन और समीक्षा के माध्यम से किया जाता है। इसके अलावा, अन्य बातों के साथ-साथ, राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) और नमूना पंजीकरण प्रणाली (एसआरएस) जैसे बाहरी सर्वेक्षणों के माध्यम से एनएचएम के प्रभाव का नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाता है।

(घ) और (ङ): देश भर में स्वास्थ्य सेवा प्रणालियों को मजबूत करने के लिए भारत सरकार द्वारा की गई नई पहलों में भारतीय सार्वजनिक स्वास्थ्य मानक (आईपीएचएस), आयुष्मान भारत के तहत आयुष्मान आरोग्य मंदिर, आयुष्मान भारत के तहत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई), नि:शुल्क दवा सेवा पहल, नि:शुल्क निदान सेवा पहल, प्रधानमंत्री राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम, प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन, 15वें वित्त आयोग अनुदान, भारत कोविड-19 आपातकालीन अनुक्रिया और स्वास्थ्य प्रणाली तैयारी पैकेज (ईसीआरपी-I और II पैकेज), राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस), आयुष्मान भारत डिजिटल स्वास्थ्य मिशन, ई-संजीवनी टेली-परामर्श सेवाएं शामिल हैं।

*********